चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 264 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल 22 मार्च 2025 शनिवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
22 न्यूनतम

# बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-5

## दिल्ली में सक्रिय मुख्यमंत्री यादव, सुबह राष्ट्रपति से भेंट की

# सीएम की शाह से मुलाकात, मप्र के अटके मामलों पर बन सकती है बात

भोपाल/नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो।





मुख्यमंत्री मोहन यादव आज दिल्ली में सक्रिय हैं। मप्र में विभिन्न आयोजनों और विधानसभा सत्र की व्यस्तता के बाद आज सुबह वे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिले। उनकी मुलाकात करीब बीस मिनट चली। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने हाल में मप्र का दौरा किया था और वे छतरपुर में बागेश्वर धाम के आयोजन में शामिल हुई थीं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। शाह के साथ यादव की मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल मप्र में भाजपा अध्यक्ष का फैसला लंबे समय से अटका हुआ है। जबकि कई अन्य राज्यों में भाजपा यह काम पूरा कर चुकी है। यहां संगठन चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद से अध्यक्ष का मामला अटका हुआ है। माना जा रहा है कि भाजपा हाइकमान मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की अगली पारी या नए चेहरे के बीच की ऊहापोह के बीच फंसा हुआ है। मप्र में इस बीच करीब तीन नाम बेहद पुख्ता तौर पर उभरे भी हैं लेकिन चौंकाने वाली भाजपाई शैली के तहत कोई भी नाम अंतिम नहीं माना जा रहा है। इन नामों में एक मौजूदा मंत्री, एक पूर्व मंत्री समेत सांसद के नाम भी सामने आया है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर अप्रैल के पहले सप्ताह में फैसला हो सकता है। इसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राय भी बहुत अहम होगी। बताया जाता है कि मार्च के अंतिम दिनों में बेंगलुरू में संघ का बडा आयोजन व चिंतन शिविर प्रस्तावित है। इसके बाद भाजपा अपने पेंडिंग फैसलों पर तेजी से आगे बढेगी। उधर मुख्यमंत्री आज दिल्ली में मौजूदा भाजपा चीफ जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं।

## नाथ ने ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरा

इधर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा है कि मप्र की भाजपा सरकार का ओबीसी विरोधी रवैया सर्वविदित है। मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में सरकारी भर्तियों में इस वर्ग को 27फीसदी आरक्षण देने का कानून बनाया गया था। जिसे हर स्तर पर भाजपा सरकार ने लागू होने से रोकने की कोशिश की है। अब इस विषय में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। लेकिन जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार मौजूदा क़ानून के तहत विज्ञापन जारी कर भर्तियाँ करने को स्वतंत्र है। उससे स्पष्ट है कि आज की स्थिति तक 27 प्रतिशत ओबीसी रिज़र्वेशन के क़ानून पर कोई प्रतिबंध नहीं है। नाथ ने कहा कि यदि भाजपा चाहती तो पिछले पाँच साल से हुई भर्तियों में ओबीसी को 27 फीसद आरक्षण दे सकती थी। नाथ ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट में पूरी ज़िम्मेदारी के साथ सरकार ओबीसी आरक्षण को लागू कराने के लिए पैरवी करे। प्रदेश की जनता को अच्छी तरह मालूम है कि हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान भाजपा सरकार ने ओबीसी विरोधी रुख़ अपनाया, जिस कारण अंततः यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुँचा।

# बैंक लोन मामले में सीबीआई तक पहुंचा था जज का नाम!

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हाइकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा चर्चा में हैं, उनके दिल्ली स्थित घर पर आग लगने और बुझाने के बाद कथित तौर पर वहां से भारी तादाद में कैश बरामद होने की खबरों के बाद से हड़कंप भी है। लेकिन अब जस्टिस वर्मा से जुड़ा एक और मामला सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले में उनका नाम बकायदा सीबीआई की एफआईआर में दर्ज किया गया था। मामला सिम्भावली शुगर मिल से जुड़ा है। एफआईआर सिम्भावली शुगर्स लिमिटेड नाम की एक चीनी मिल से जुड़ी थी। आरोप है कि इस मिल ने बैंकों को धोखा दिया था। चौंकाने वाली बात यह कि जस्टिस वर्मा 13 अक्टूबर 2014 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज बनने से पहले सिम्भावली शुगर्स में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। सिम्भावली शुगर्स का खाता साल 2012 में एनपीए घोषित कर दिया गया था। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके पांच दिन बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने 27 फरवरी 2018 को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एक ईसीआईआर दर्ज की। बैंक ने शिकायत की थी कि चीनी मिल ने किसानों की मदद करने के नाम पर लोन लिया, लेकिन बेईमानी से काम किया।

## अंबानी ने एक और कंपनी खरीदी, 382 करोड़ की डील

मुंबई, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के तहत एक और कंपनी आ चुकी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पूर्ण मालिकाना हक वाली स्टेप डाउन सब्सिडियरी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड में 74 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। यह डील 382.73 करोड़ रुपये रुपये में वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड से हुई है। रिलायंस ने शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी है कि एनएसपीएल 21 मार्च से रिलायंस इंडस्ट्रीज की स्टेप डाउन सब्सिडियरी बन गई है। इस डील से पहले एनटीपीएल ने एनएसपीएल को 93.66 करोड़ रुपये का अनसिक्योर्ड लोन दिया था। रिलायंस इडस्ट्रीज ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि अधिकारियों की मंजूरी के लिए जरूरी आवेदन किए जा रहे हैं.

## एअर इंडिया
## एयरलाइन एक बार फिर निशाने पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

एअर इंडिया एयरलाइन एक बार फिर निशाने पर आई है। अब एनसीपी की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने फ्लाइट की देरी पर नाराजगी जताई है और व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एयरलाइन की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि यह लगातार ट्रेंड का हिस्सा बन गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं एअर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा कर रही हूं, जो 1 घंटे की देरी से चल रही है। इससे यात्री परेशान होते हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से आग्रह है कि वे एअर इंडिया जैसी एयरलाइनों को बार-बार देरी के लिए जवाबदेही तय करें और यात्रियों के लिए बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। हम प्रीमियम किराया देते हैं, फिर भी उड़ानें कभी समय पर नहीं होती हैं। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंहे चौहान ने भी खराब सीट पर यात्रा करने की मजबूरी पर नाराजगी जताई थी।

## एनआईटी छात्रा का उत्पीड़न करने वाला प्रोफेसर गिरफ्तार

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के सिलचर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी टीचर की पहचान कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा के रूप में हुई है।उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। छात्रा की शिकायत के मुताबिक, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने के लिए कहा और मुझसे पूछा कि मुझे कम अंक क्यों मिले। उसने मेरे हाथ पकड़ना शुरू कर दिया और मेरी उंगलियों को छुआ। फिर उसने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया। छात्रा ने बताया कि फिर उसने मेरे सामने अपने कंप्यूटर में अश्लील गाने बजाए। मेरे पेट को छुआ और रगड़ा। मैं रोने लगी, लेकिन वह नहीं रुका। उसने मुझे कहा कि पैरों को फैलाकर बैठो। पीड़ित स्टूडेंट ने कहा कि मैं अपने दोस्त के फोन करने पर भाग निकली, जो प्रोफेसर के चेंबर के बाहर इंतजार कर रहा था।

## महायज्ञ में महाबवाल के बीच गोलियां चली, तीन घायल

कुरुक्षेत्र, एजेंसी



यहां केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय यज्ञ आयोजन में बवाल मच गया और गोली तक चलीं। यज्ञ कार्यक्रम के आयोजक स्वामी हरिओम दास के निजी सुरक्षा कर्मियों पर तीन लोगों को गोली मारने का आरोप लगा है। गोली लगने से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महायज्ञ में शामिल होने आए कुछ युवकों ने बासी भोजन परोसे जाने को लेकर शिकायत की, जिसके बाद विवाद हुआ और आयोजनकर्ता हरि ओम दास के सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी। इस घटना से नाराज एक जाति विशेष के लोगों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया और पत्थरबाजी की। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया. फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति को नियंत्रित किया है। हालांकि, माहौल अब भी तनावपूर्ण है। महायज्ञ की शुरुआत 18 मार्च से हुई थी और इसे 27 मार्च तक चलना था। महायज्ञ में हर दिन एक लाख आहुतियां डाली जा रही थीं। आयोजनकर्ता संत को यज्ञ सम्राट भी कहा जाता है वे 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ का आयोजन कर चुके हैं। उनका संकल्प पूरे भारतवर्ष में 108 महायज्ञ कराने का है। उनके आयोजन में सत्तारूढ दल के कई नेता शामिल हो चुके हैं।

## इकोलॉजिकल पार्क में आग से सैंकड़ों पौधे झुलसे

भोपाल, एजेंसी

राजधानी में देर रात लहारपुर स्थित इकोलॉजिकल पार्क में आग लगने से सैकड़ों पौधे झुलस गए। आज सुबह तक आग धधक रही थी। जिसे रहवासियों ने बुझाया। वन विभाग का इकोलॉजिकल पार्क 1500 हेक्टेयर एरिया में फैला है। यहां सुबह-शाम हजारों लोग घूमने पहुंचते हैं। बीती रात पार्क में आग रात 1 बजे लगी। लोगों ने जब आग की लपटें देखीं तो तुरंत फायर कंट्रोल रूम पर सूचना दी। रात में ही आसपास के फायर स्टेशन से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। इस पार्क से बाग मुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स, लहारपुर, आसाराम नगर, ग्लोबल पार्क सिटी, अमलतास अपार्टमेंट्स रामायण सिटी, विवेकानंद परिसर, गौरीशंकर कौशल कैम्पस समेत कई रहवासी इलाके जुड़े हैं।

## तनिष्क शोरूम लूटकांड के आरोपी का एनकाउंटर

अररिया, एजेंसी



बिहार के अररिया जिले में आज तड़के एसटीएफ की अपराधियों से मुठभेड़ हो गई,इसमें तनिष्क शोरूम लूट कांड का आरोपी ढेर हो गया । जबकि एसटीएफ के तीन जवान भी जख्मी हो गए हैं। अररिया पुलिस का कहना था कि आज तड़के सुबह एसटीएफ को दो अपराधियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। इसी आधार पर मौके की घेराबंदी की गई। पुलिस ने ललकारा तो वे भागने लगे और फायरिंग करने लगे। एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरा अपराधी मौके से भाग गया है. उसकी तलाश में टीमें लगी हैं।




मेट्रो एंकर

## आईपीएल आज से, अब दो महीने लोगों की शामें रहेंगी व्यस्त

# नियम भी हमारे और मैदान भी, गेटवे दुनियाभर का..!

■ आलोक गोस्वामी



आज क्रिकेट के सालाना महाकुम्भ इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत का दिन है। 2007 में टी 20 फॉर्मेट वर्ल्ड कप की शुरुआत के बाद इसी तर्ज पर 08 से बीसीसीआई का यह पर्व अब 18 साल का हो गया है। भले ही वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे रोमांचक टी20 फॉर्मेट की लोकप्रियता में आईपीएल ने सबसे बड़ा किरदार निभाया हो, लेकिन सच तो यह है कि बीसीसीआई के इस क्रिकेट त्यौहार के कई नियम कायदे आईसीसी से अलग हैं। स्ट्रेटेजिक टाइम आउट, इंपेक्ट खिला?ी,नो बॉल वाइड बॉल में डीआरएस का इस्तेमाल,स्मार्ट रिप्ले तकनीक और अब रिवर्स स्विंग में मददगार गेंद की चमक के लिए लार का प्रयोग की पाबंदी हटाना व स्लो रन रेट की सजा से कप्तान की जिम्मेदारी को अलग करना इसकी अपनी खूबी बयां करते हैं। गौरतलब है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंडया के लिए एक मैच का प्रतिबंध इसी नियम के अंतर्गत लगाया गया था। मतलब साफ है कि आईपीएल की कर्ताधर्ता बीसीसीआई इस टूर्नामेंट को अपने अलग ही अंदाज में आयोजित करता है, जो आईसीसी के अंतरराष्ट्रीय नियमों से शत प्रतिशत मेल नहीं खाते हैं। वैसे अगर आईपीएल में लागू होने वाले उपरोक्त नियम वाकई में क्रिकेट के लिहाज से उचित व उपयोगी हैं तो फिर सवाल यह उठता है कि ये सभी नियम आईसीसी के इवेंट में क्यों नहीं अपनाये जाते हैं। सवाल पेचीदा है लेकिन क्रिकेट के तमाम जानकार ओर पंडित इस बात का जिक्र कम ही करते हैं। मतलब साफ है कि स्ट्रेटेजिक टाइम आउट जैसे यह सभी नियम की उपयोगिता मात्र आईपीएल ने नजरिये तक ही सीमित कही जा सकती है। लेकिन नजारा यह है कि आईपीएल दुनिया की सबसे अमीर खेल लीगों में से एक बन चुकी है। यही वजह है कि अब वर्ल्ड क्रिकेट के सभी खिलाड़ी इसमें शामिल होने की तमन्ना रखते हैं। इस बात में कोई शक नही कि किसी भी खिला?ी के लिए इसमें भाग लेना उसके लिए स्टेटस सिंबल कहा जा सकता है। ऐसा लगता है कि किसी भी देश की टीम में जगह हासिल करने का गेटवे भी आईपीएल बन गया है। टीम इंडिया के चयन का आधार तो घरेलू क्रिकेट की तुलना में इस इवेंट का ही अधिक नजर आता है।

आईपीएल 2025 का मंच सज चुका है, जहाँ आज इस 18वें सीजन का पहला मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच ट्रॉफी जीतने की जंग होगी। एक तरफ मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमें अपने छठे खिताब पर नजरें ग?ाए हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, पंजाब किंग्स,आरसीबी अपने पहले खिताब की तलाश में होंगी। 65 दिन और 74 मैचों तक चलने वाले क्रिकेट के इस महाकुंभ की गूंज आज से देश के कोने कोने में देखने को मिलेगी। आईपीएल की सबसे बड़ी खूबी यही है कि इसके गणित सभी तरह के लोगों में बेहद लोकप्रिय रहते हैं। खेल में भले ही आम जनता की रुचि हो न हो, लेकिन मैचों के रिजल्ट पर तो सभी का ज्ञान बखारना आम बात है।

## शीतला अष्टमी




**भोपाल.** शीतला माता मंदिर में शीतला अष्टमी पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

### संपदा 2.0 का सॉफ्टवेयर जनता को नहीं आया रास

# पुराने तरीके से एक घंटे में हो रही रजिस्ट्री, संपदा से लग रहे चार घंटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में रजिस्ट्री समेत पंजीयन से जुड़े सभी 20 दस्तावेजों के लिए घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया का दावा पांच माह बाद भी पूरा नहीं हो पाया। डिजिटल ऑनलाइन सिस्टम जनता को रास नहीं आ रहा और बिचौलियों का खेल बदस्तूर जारी है। रजिस्ट्री हो या फिर बंधक पत्र बनाना, नोटरी हो या फिर अन्य कोई दस्तावेज। सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से लोगों को पंजीयन कार्यालय पहुंचना ही पड़ रहा है। यही वजह है कि संपदा 2.0 लागू होने के बाद भी कार्यालय से पंजीयन कराने वालों की भीड़ कम नहीं हुई है। मार्च में अब तक 1995 रजिस्ट्री हुई, इनमें से 172 रजिस्ट्री ही संपदा 2.0 से की गई।

**वीडियो केवायसी के संसाधनों की कमी :** क्रेता- विक्रेता को ऑनलाइन प्रक्रिया में वीडियो केवायसी की व्यवस्था तय है, लेकिन ऐसा नहीं होता। विभाग के पास ही वीडियो केवायसी के पूरे संसाधन नहीं है। पंजीयन कराने पहुंच रहे लोगों में से भी कई के पास भी वीडियो केवायसी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वेरिफिकेशन के नाम पर पंजीयन कार्यालय बुलाया जा रहा है।



**सर्विस प्रोवाइडर के पास जगह ही नहीं :** जिले में 460 सर्विस प्रोवाइडर्स है। इन्हीं के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होती है। सर्विस प्रोवाइडर एके जोसेफ के कहना है कि रजिस्ट्री के लिए संबंधित को कम से कम दो बार बुलाना पड़ रहा है। एक बार में सबकी आइडी बनाते हैं, जबकि दूसरी बार में संपत्ति का मूल्यांकन तय करने की प्रक्रिया करते हैं। इसके बाद फिर फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पंजीयन कार्यालय जाते हैं तब कहीं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होती है।

**प्रति व्यक्ति कम से कम पांच ओटीपी :** जानकारी के अनुसार रजिस्ट्री की जो प्रक्रिया पंजीयन संपदा 1.0 में एक घंटे में हो जाती है, 2.0 में उसके लिए तीन से चार घंटे का समय लग जाता है। यदि किसी संपत्ति के क्रेता-विक्रेता पांच लोग हैं तो प्रति व्यक्ति कम से कम पांच ओटीपी बनती है। 25 ओटीपी और इन्हें दर्ज करने की प्रक्रिया होती है। सभी की यहां आइडी बनाना पड़ती है, जिसमें कहीं नेटवर्क कनेक्शन टूटा तो फिर नए सिरे से प्रक्रिया करना होती है। इससे यदि एक ही बैठक में प्रक्रिया पूरी करना हो तो तीन से चार घंटे का समय मामूली बात है।

**गाइडलाइन के साथ पूरा काम 2.0 पर डाला तो और बढ़ेगी परेशानी:** अभी दोनों ही तरीकों से पंजीयन की प्रक्रिया की जा रही है। संपदा 2.0 से जुड़ी दिक्कतों को विभागीय समन्वय बढ़ाकर दूर करने की कोशिश है। विभाग की कोशिश है कि ऑनलाइन ही प्रक्रिया हो, उस दिशा में काम चल रहा है। जिले में नई कलेक्टर गाइडलाइन एक अप्रेल से लागू होगी। इसके लिए अभी प्रक्रिया की जा रही है। इस गाइडलाइन के लागू होने के साथ ही संभव है पंजीयन का पूरा काम 2.0 पर ही डाल दें। ऐसे में पंजीयन की गति 70 फीसदी घट जाएगी। लोगों को सर्विस प्रोवाइडर्स के कार्यालय के साथ पंजीयन कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ेंगे, जिससे परेशानी घटने की बजाए बढ़ेगी।

# 100 दिन में टीबी के 15 हजार नए मरीज सामने आए, आयोग ने दिए प्रदेश की जेलों में जांच के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्?यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल शहर में 100 दिन में टीबी के 15 हजार नए मरीज सामने आने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में हर साल करीब 2,000 नए टीबी के मरीज मिलते थे, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना के तहत सघन स्?क्रीनिंग से 100 दिन में 15 हजार नए मरीज सामने आए है। जांच और स्क्रीनिंग करने से मरीजों को सही समय पर इलाज मिल रहा है। मामले में आयोग ने महानिदेशक( जेल ) जेल मुख्यालय, भोपाल एवं संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं ( म.प्र. ) संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत मध्?यप्रदेश की जेलों में निरुद्ध बंदियों की सघन स्क्रींगिन कराकर टीबी के मरीजों की पहचान, इलाज आदि की व्यवस्था के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। साथ ही मध्यप्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के अभियान में जेलों में दाखिल बंदियों की इस प्रकार की जांच आवश्यक है।

## सिंधी पंचायत कराएगी नि:शुल्क धार्मिक यात्रा

**हिरदाराम नगर.** सिंधी समाज उत्थान पंचायत, सिंधीजनों को निन्शुल्क धार्मिक यात्रा कराएगी। 23 मार्च को सुबह 8 बजे विजय नगर लालघाटी से यात्रा की शुरूआत होगी, जहां से बस द्वारा यात्री सीहोर के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने रवाना होंगे। यात्रा के दौरा मानसरोवर धाम, श्री झूलेलाल मंदिर और चिंतामन गणेश मंदिर के दर्शन के बाद दोपहर एक बजे हलालपुर, बस स्टैंड के सामने, लालघाटी, भोपाल में समाप्त होगी। आयोजक आनंद सबधाणी, अध्यक्ष सिंधी समाज उत्थान पंचायत ने बताया की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। मोबाइल नंबर 9826527826 पर पंजीयन कराया जा सकता है।

# विश्व वानिकी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

21 मार्च का दिन दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। संतनगर के पंडित दीनदयाल पार्क के वन्य कर्मियों द्वारा पर्यावरण संदेश देता सेल्फी बोर्ड के साथ जागरूक अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल रेंजर नरेन्द्र जैन ने कहा कि वन ही हमारे जीवन का पर्याय है,स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें वनों से जुड़ना आवश्यक है, हमारे दीनदयाल पार्क में सुंदरता वाले तथा औषधीय वृक्षों का खजाना है। जिसका लाभ यहां के रहवासियों को मिलता है। बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने युवाओं से पर्यावरण से जुड़ने, और पौधारोपण का आव्हान किया। इस अवसर पर वन रक्षक डी.पी तिवारी, बोरवन क्लब के महासचिव शेट्टी चन्दनानी, सुरेश गेहानी, महेश मूलचांदनी, महेश आसवानी, सुनील दादलानी, दिनेश सोनी, रवि नारायण सतानी व अन्य लोग शामिल हुए।





**पक्के मकान देने सौंपा ज्ञापन**

**भोपाल।** पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने ऋषि नगर बस्ती के रहवासियों के साथ मिलकर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ऋषि नगर बस्ती को हाउसिंग फॉर ऑल योजना के तहत पक्के मकान देने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया। नगर निगम अध्यक्ष ने बस्तीवासियों को स्थायी और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए वहीं पक्के मकान निर्माण का आश्वासन दिया।

**मेट्रो एंकर**


### 30 मार्च को निकलेंगी शोभा यात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# संतनगर, भोपाल में चैतीचांद की तैयारियां जोरों पर

## झूलेलाल मंदिरों में होंगे मुंडन और जनेऊ संस्कार

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भगवान श्रीझूलेलालजी की जयंती ( चैतीचांद ) राजधानी भोपाल और सिंधी बाहुल्य संत हिरदाराम नगर में 30 मार्च को आस्था, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। भोपाल में जहां सिंधी सेन्ट्रल पंचायत शोभायात्रा निकालेगी, वहीं संतनगर में सिंधु समाज। राजधानी भोपाल में दोपहर 3 बजे भगवान झूलेलाल की प्रतिमा स्थापना के बाद शाम 4.30 बजे बैरसिया रोड स्थित अटलराम सिंधी धर्मशाला से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही रात 8 बजे रवीन्द्र भवन के मुक्ताकश हाल में सिंधी गीतों का आयोजन होगा। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत भोपाल के महासचिव हरीश




नागदेव ने बताया कि भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा को विधायक भगवानदास सबनानी हरी झण्डी दिखाएंगे। युवाओं की बाइक पर सवार टीम इसका मुख्य आकर्षण होगी। संतनगर में सिंधु समाज भव्य शोभा यात्रा निकालेगा। कार्यक्रम के संयोजन कन्हैयालाल इसरानी ने बताया कि सिंधु समाज भवन में शाम 4.30 बजे बहिराणा साहिब का आयोजन किया गया है। इसके बाद शाम 5.30 बजे सिंधु समाज भवन से शोभा यात्रा निकलेगी। 31 मार्च को रात 8 बजे से दशहरा मैदार पर सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुम्बई के जाने माने कलाकार जतिन उदासी सिंधी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

**मुख्य मार्ग झूलेलाल मंदिर :** झूलेलाल कल्याण मण्डलम सेवा समिति मुख्य मार्ग स्थित झूलेलाल मंदिर में चैतीचांद पर धार्मिक आयोजन करेगी। बहिराणा साहब, भजन संध्या का होगी। चैतीचांद पर सुबह 10 बजे झंडा चढ़ाया जाएगा। इसके बाद बहिराणा साहब की जोत प्रज्ज्वलित की जाएगी। ग्वालियर की कमल खत्री पार्टी की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस शाम को मंदिर से चल समारोह निकलेगा जो मुख्य जुलूस में शामिल होगा जाएगा। ।

**एच वार्ड झूलेलाल मंदिर:** श्री झूलेलाल सेवा एवं सांस्कृतिक उत्सव समिति एच वार्ड स्थित प्राचीन भगवान झूलेलाल मंदिर में चैतीचांद मनाएगी। 30 मार्च को सुबह 11 बजे बहिराणा साहब की जोत प्रज्ज्वलन के कार्यक्रम की शुरूआत होगी। झूलेलाल चालीहा साहिब, छेज, भजन, आरती होगी। मंदिर परिसर में मुंडन और जनेऊ संस्कार होंगे।

# एमसीयू में सीयूईटी से 11 यूजी कोर्स में होंगे प्रवेश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय इस वर्ष प्रवेश के लिए सीयूईटी के जरिए 11 यूजी कोर्स ऑफर कर रहा है । शुक्रवार को कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सीयूईटी-यूजी एवं सीयूईटी-पीजी के अलावा विश्वविद्यालय के स्तर पर भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पृथक से संचालित की जायेगी, जिसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं विज्ञापन के माध्यम से दी जाएगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर भोपाल के साथ ही रीवा, खंडवा और दतिया परिसर में भी प्रवेश के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं ।

**यह है 11 यूजी कोर्स :** जिन 11 यूजी कोर्स को सीयूईटी के जरिए विश्वविद्यालय ने ऑफर किया है, उनमें बी.ए. ( पत्रकारिता और रचनात्मक लेखन ), बी.एससी. ( फिल्म और कम्युनिकेशन स्टडीज ),बी.ए. ( अंग्रेजी पत्रकारिता ),बी.ए. ( मास कम्युनिकेशन ), बी.ए. ( विज्ञापन और जनसंपर्क ),बी.एससी.( इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ),बी.एससी. ( मल्टीमीडिया ), बी.कॉम ( प्रबंधन ),कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक ( बीसीए ),बी.एससी. ( मीडिया रिसर्च ) एवं बी.ए. ( हिंदी भाषा, प्रौद्योगिकी और अनुवाद ) ।

## स्वर्णकार समाज ने निकली गणगौर की शोभा यात्रा



नर्मदापुरम. मारवाड़ी स्वर्णकार समाज नर्मदापुरम द्वारा गणगौर की शोभा यात्रा निकाली गई। समाज की महिलाएं भगवान शंकर और माता पार्वती बने। रथ पर सवार भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजन शहर के विभिन्न स्थानों पर हुआ।

# बासौदा श्री हिन्दू उत्सव समिति करेगी नववर्ष पर आयोजन

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

बासौदा श्री हिन्दू उत्सव समिति द्वारा गुड़ी पड़वा,नववर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि समिति ने तय किया है कि हमारे नगर के श्रेष्ठ गायक कलाकारों द्वारा नववर्ष पर प्रस्तुतियां देंगे एवं भजन संध्या करेंगे। साथ में नववर्ष का आनंद लेंगे। और यह परम्परा आगे भी चलती रहे। इसका हम सब प्रयास करें। और अपने नगर के कलाकारों को प्रमोशन करें ,प्रोत्साहन करें, और उन्हें मंच उपलब्ध कराएं, उनका प्रचार प्रसार करें। ऐसा निर्णय समिति ने किया है। सभी का सहयोग मिले, सहभागिता रहे,यही अपेक्षा है। जिससे गंजबासौदा के गायकों को सब जाने और पूरे देश में अपना नाम रोशन करें। कार्यक्रम 30 मार्च शाम को शहनाई गार्डन में होगा। सभी नागरिक कार्यक्रम में शामिल हों।



# तुअर उपार्जन हेतु 132 पंजीयन केन्द्र निर्धारित



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नर्मदापुरम. म.प्र. शासन, किसान कलयाण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल अनुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई उपार्जन पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन हेतु पंजीयन कार्य के लिये पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया जाना है।

तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा ई उपार्जन पोर्टल पर कृषकों के पंजीयन हेतु पूर्व में जिले मे गेहूँ उपार्जन कार्य हेतु 132 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उक्त निर्धारित गेहूँ पंजीयन केन्द्रों (132) पर ही 25 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक तुअर के उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है।

**कृषक 25 मार्च से 20 अप्रैल 2025 तक करा सकेंगे पंजीयन**



### आरटीओ निशा चौहान का तबादला, जया बसावा होंगी नर्मदापुरम आरटीओ

नर्मदापुरम. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान का तबादला देवास हो गया है.शासन ने जिला परिवहन अधिकारी देवास जया बसावा को नर्मदा पुरम आरटीओ नियुक्त किया है.

## बगदरी गांव का मामला : दमोह पुलिस अधीक्षक से शिकायत

# पुलिस ने बदतमीजी करते हुए मारपीट की, महिला के बाल पकड़कर खींचे

दमोह/तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

कुछ पुलिसकर्मियों की वजह से तेन्दूखेड़ा पुलिस की छवि इन दिनों धूमिल होती जा रही है कुछ दिन पहले ही तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ओरियामाल में एक युवक पर चोरी के शक के चलते पुलिस द्वारा नशे की हालत में मारपीट करने एवं अन्य महिलाओं बच्चियों के साथ गाली-गलौच करने के आरोप लगे थे उक्त मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर एक बार तेन्दूखेड़ा पुलिस पर मारपीट एवं 181 की शिकायत को बंद कराने मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है दरअसल

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जहां एक और जिले का पुलिस महकमा पूरे प्रदेश में प्रथम है वहीं दूसरी ओर शिकायतों के निराकरण पर आम जन ही सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सामने आया है जहां सीएम



हेल्पलाइन में लंबित शिकायत को बंद कराए जाने के लिए पुलिस महकमे पर घर में घुसकर महिलाओं सहित परिवार पर मारपीट के आरोप लगे हैं।आरोप यह भी है कि शिकायत बंद करने के लिए संबंधितों का मोबाइल छीनकर जबरन शिकायत बंद कराई गई। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए उचित कार्यवाही और सुरक्षा की मांग की है। हालांकि इन आरोपों का संबंधित थाना प्रभारी ने पूरी तरह खंडन किया है और स्पष्ट रूप से उचित तरह से कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

मामले में तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के बगदरी निवासी सविता विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा और ओमप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा दी गई शिकायत में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवार सहित उनकी टीम पर आरोप लगाए हैं शिकायतकर्ताओं के अनुसार उनके साथ दो माह पूर्व एक विवाद के दौरान हुई एक मारपीट की घटना की रिपोर्ट उचित तरीके से नहीं लिखी गई थी और ना ही पुलिस के द्वारा कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया जा रहा था। जिसके चलते उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत को लेकर 19 मार्च की दोपहर थाना प्रभारी सुमन और उनकी टीम उनके घर पहुंची और उनके साथ अभद्रता करते हुए शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे आरोप यह भी हैं कि पुलिसकर्मियों ने इस दौरान महिला सविता के बाल पकड़े और खींचे और उसका सर दीवाल में मारा गया।

### मोबाइल छीना

बताया गया है की घटना के दौरान पीड़ित परिवार ने घटना का वीडियो भी अपने मोबाइल पर बनाया जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट के दौरान छीन लिया। उनके द्वारा जिस मोबाइल नंबर से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी उसे भी आरोपी पुलिसकर्मियों ने अपने हाथ में लेते हुए खुद ही लंबित शिकायत को बंद कर दिया।

दूसरी ओर इन सभी आरोपों का तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवार ने पूरी तरह खंडन किया है। उन्होंने बताया की पूर्व में हुई मारपीट की घटना पर आरोप लगाने वाले परिवार की शिकायत पर ही दूसरे पक्ष पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले में शिकायतकर्ता पक्ष ने अपना इलाज एक निजी अस्पताल में कराया था और उसके बाद वह इलाज के लिए जबलपुर चले गए थे। इन सभी कारणों के चलते चालान प्रस्तुत करने में लगने वाले कई दस्तावेज अभी तक पुलिस को उपलब्ध नहीं हो सके हैं और चालान प्रस्तुत करने में विलंब हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा की वह इन सभी बातों को बताने और सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर पुलिस टीम शिकायतकर्ता परिवार के घर पहुंची थी, लेकिन इस दौरान कोई भी अभद्रता या मारपीट नहीं की गई है।

## निशुल्क योग शिविर का हुआ शुभारंभ

# निरोगी जीवन ही सबसे बड़ा सुख है : राजेश तिवारी



गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

रक्त सेवा समिति महिला शाखा द्वारा एसजीएस कॉलेज के सामने विश्वंभरा धर्मकांटा पर निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर दिनांक 20 से 30 मार्च तक प्रातः 6 से 7.30 तक चलेगा।

शिविर के उद्घाटन में पतंजलि योग समिति की जिला प्रमुख सुनीता भावसार , महेंद्र सिंह रघुवंशी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महिला शाखा की अध्यक्ष ममता जैन, सचिव रेहाना फजलानी, संरक्षक प्रमिला तिवारी एवं अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित हुए। समिति ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित होकर के अपने स्वास्थ्य लाभ ले। राजेश तिवारी ने कहा की इस कार्य को अपने जीवन की दिनचर्या का अंग बनाए निरोगी जीवन सबसे बड़ा सुख है जिसका स्वस्थ शरीर है उसी के मन में स्वस्थ विचार आते हैं, स्वस्थ कार्य होते हैं जिससे स्वस्थ परिणाम आता है। और जीवन धन्य होता है। सार्थक होता है। सुनीता भावसार ने कहा योग से हम स्वस्थ और सुंदर होते हैं। हम प्रतिदिन कक्षाएं चलाते हैं मैं पूरे शिविर में उपस्थित रहकर के सीखने सिखाने का प्रयास करूंगी। आभार ममता,ओम प्रकाश जैन ने व्यक्त किया।



# वन समितियों को सामग्री की गई वितरित उप वनमंडल अधिकारी ने लोगों को आग नहीं लगाने किया जागरूक

**वन परिक्षेत्र अधिकारी ने पर्यावरण का महत्व बताया**

तेंदूखेड़ा! शुक्रवार को तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बगदरी वन चौकी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे वन समितियों को उनके 20नलाभस से ग्राम वन समितियों को सामूहिक भोजन बनाने के वर्तन प्रदान किये। ग्राम वन समिति तिपनी एवं केवलारी के सदस्यों को यह समाग्री प्रदान की है। सामग्री में एक बडा गंज, एक छोटा गंज,2 गंज के ढक्कन,2गंज की चम्मच,दो डोंगा, 2डोंगा चम्मच,1 परात 10 प्लेट 10 गिलास, 10 चम्मच,10 गिलास एक कड़ाई,एक झारा अन्य वर्तन प्रदान किए गए कार्यक्रम में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल के द्वारा सामग्री प्रदान की गई इस कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि गुलाब सिंह (राजा गुबरा) नोने लाल अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह,अमन सिंह एवं समस्त ग्राम वासी इस कार्यक्रम मे मौजूद रहे समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को वनों को आग से कैसे बचाये इसका प्रशिक्षण भी दिया गया कार्यक्रम मे वन पाल बीडी सेन वनपाल बृजेश कौल सहित ग्रामवासी एवं वन विभाग का स्टाफ क्रायक्रम मे मौजूद रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 9 में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के द्वारा महिला अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बताया की महिला सुरक्षा का अर्थ है, महिलाओं को किसी भी प्रकार के हिंसा, उत्पीड़न, और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखना। इसमें शारीरिक, मानसिक, यौन, और साइबर दुर्व्यवहार के खिलाफ सुरक्षा शामिल है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल में जीने और काम करने का अधिकार होना चाहिए। यह समाज में महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वतंत्रता, और समानता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब महिलाएँ सुरक्षित महसूस करती हैं, तो वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं। इसके अलावा विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने का परामर्श दिया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से दीपेंद्र विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

**मेट्रो एंकर** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने चित्रगुप्त घाट पर एडीजी मनीष शंकर शर्मा को दी श्रद्धांजलि

# असाधारण प्रतिभाशाली नेक दिल और मिलनसार व्यक्ति थे मनीष शंकर शर्मा

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नर्मदापुरम।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने चित्रगुप्त घाट पर एडीजी रेल मनीष शंकर को पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। मनीष शंकर शर्मा की स्मृति चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर अश्वनी वर्मा, हेमंत श्रीवास्तव, विजय वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, सी बी खरे, रश्मि वर्मा, ईरा वर्मा, मंजू श्रीवास्तव राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, चैतन्य वर्मा , नीतू श्रीवास्तव, उषा वर्मा , सारिका सक्सेना, शीतल श्रीवास्तव , लालता प्रसाद, जानकी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की सचिव सुमन वर्मा ने कहा कि आईपीएस मनीष शंकर शर्मा को अमेरिका में 20 जुलाई 2015 को सम्मानित किया था। इस दिन मनीष शंकर शर्मा दिवस घोषित किया था। वे आईपीएस अधिकारी के साथ एक अच्छे नागरिक थे, ईमानदार और निष्ठावान अधिकारी थे। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है।

श्रद्धांजलि सभा में नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कहा कि मनीष शंकर शर्मा सहज , सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। प्रदेश के कई जिलों में पुलिस अधीक्षक के पद पर वे रहे। इसके साथ ही वे कई पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्होंने एक कर्मठ आईपीएस अधिकारी के रूप में कार्य किया है।



इस मौके पर उपस्थित प्रखर समाजसेवी प्रीति खरे ने कहा कि मनीष शंकर शर्मा विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में वे मध्य प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक रेल बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि वे एक असाधारण प्रतिभाशाली नेक दिल और मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने नर्मदा अंचल का का नाम देश विदेश में रोशन किया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वरिष्ठ सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि मनीष शंकर शर्मा पुलिस अधिकारी के साथ-साथ एक अच्छे नागरिक भी थे। उन्होंने शहर का नाम प्रदेश, देश और विदेश में भी रोशन किया। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं ऐसी पुण्य आत्मा को उनके श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति अभय वर्मा ने कहा कि नर्मदा अंचल को उनके जाने से एक अपूर्णीय क्षति हुई है। मनीष शंकर शर्मा मिलनसार के साथ-साथ एक समाजसेवी भी थे। वे पुलिस अधिकारी जरूर थे लेकिन नेक दिल इंसान थे।

# HDFC बैंक के असिस्टेंट मैनेजर ने किया 50 लाख का गोलमाल, 5 लोगों ने शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

एचडीएफसी बैंक में व्यापारियों के साथ चेक ऑथराइजर प्रिंस श्रीवास्तव के लाखों रुपए के गोलमाल को अंजाम दिया है। शुक्रवार को चार और लोगों ने अपने साथ चैक लेकर राशि निकालने की शिकायत पुलिस की है कुल पांच आवेदन पुलिस के पास पहुंच चुके हैं जिसमें से सुब्रत अली की शिकायत पर शिकायत पर पुलिस ने प्रिंस श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी की धराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है पूरे मामले की गंभीरता से जांच भी पुलिस कर रही है। शुक्रवार को चार और व्यापारियों ने उनके साथ भी इसी तरह का फर्जीवाड़ा करने के संबंध में एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी को आवेदन देकर कर्रवाई की मांग की है।

प्रारंभिक रूप से कुल पांच व्यापारियों के 50 लाख रुपए के करीब इनका आरोप है कि प्रिंस श्रीवास्तव खाली चेक लेकर उनके खातों से पैसे निकालने है इनमें से कुछ लोग तो ऐसे हैं कई दिन पहले उनके खातों से पैसे निकाले और प्रिंस के छुट्टी जाने के बाद शिकायत कर रहे हैं।जिसके चलते दूसरी चर्चाएं भी हो रही है कहीं ब्याज के चक्कर में तो इसको इन्होंने पैसे नहीं दिए आने वाले दिनों में इनकी संख्या में और भी वृद्धि हो सकती है कई शिकायतकर्ता सामने आ सकते हैं। दूसरी ओर लाखों रुपए के चेक साइन करके कैसे छोड़ दिए इस बात पर भी ध्यान देना होगा इतने दिनों से। वहीं प्रिंस श्रीवास्तव चेक लेकर गोलमाल कर रहा था तो पहले शिकायत क्यों नहीं की पुलिस के द्वारा सभी मामलों की जांच कर रही है जैसे-जैसे आवेदन ना रहे हैं उन सभी को इसी में शामिल करके पुलिस जांच में जुटी है दूसरी ओर व्यापारियों के चेकों को दूसरों के खातों में लगाकर पैसे लेकर गायब हुआ शिकायत के बाद पुलिस अब प्रिंस श्रीवास्तव की तलाश में लग गई है और कुछ टीमों को लोकेशन के आधार पर थाना प्रभारी संदीप सिंह पवार ने लगाया पर अभी तक पुलिस के हाथ प्रिंस श्रीवास्तव नहीं लगा है। ऐसे मामले सामने आने के बाद उपभोक्ताओं का भी बैंक के प्रति भरोसा खत्म हो रहा है। गड़बड़ी करने के लिए किस तरीके से अंजाम दिया है इसके बारे में लोग सोचते भी नहीं है। प्रिंस श्रीवास्तव ने इस काम को पैसे


आरोपी प्रिंस श्रीवास्तव

ट्रांसफर करने के लिए आने वाले कुछ व्यापारीयों आरटीजीएस के साथ चेक साइन किया हुआ खाली लेकर इन व्यापारियों के चेक से पैसे जिस फार्म में डालना उसमें ना डालते हुए अपने परिचित के खातों में डालकर निकाल कर रखो चक्कर हो गया है। इसके खेल का खुलासा सुब्रत अली ने किया इनके चैको से 24 लाख 40000 की ठगी हुई तो इन्होंने थाने में प्रिंस श्रीवास्तव के द्वारा चेकों के माध्यम से पैसे निकालने का मामला दर्ज करवाया इसके बाद शुक्रवार को कई और लोग भी इसी तरह की शिकायत लेकर थाने में पहुंचे एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी को लिखित में आवेदन भी दिए हैं। एसडीओपी ने बताया कि अभी पांच आवेदन आए हैं इनके लगभग 50 लाख रुपए का घोटाला सामने आ रहा है जैसे-जैसे जांच और शिकायत है सामने आ रही है उन सभी को शामिल करके हर एंगल से जांच कर रहे हैं। प्रिंस श्रीवास्तव के द्वारा लंबे समय से इस तरह से गोलमाल करने का काम किया जा रहा था। कैसे पैसों को गोलमाल किया उसका खुलासा तो प्रिंस श्रीवास्तव के सामने आने के बाद ही हो पाएगा घोटाला सामने आने के बाद एचडीएफसी बैंक में जाने वाले उपभोक्ता बहुत सतर्क दिखाई दे रहे थे। दूसरी ओर शहर के अलावा बैंक में भी दिनभर इसी बात को लेकर चर्चा होती रही बैंक के स्टाफ हैरान दिखाई दे रहा है।

दूसरी और मामले को अंजाम देकर प्रिंस श्रीवास्तव बैंक से छुट्टी लेकर गायब हो गया।क्योंकि अधिकांश उपभोक्ताओं से इसके संबंध अच्छे थे इसी बात का भरोसा करके इसको लोग चेक देकर चले जाते थे इसने भी इसी बात का फायदा उठाकर चूना लगाने का काम किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करोड़ का घोटाला इस इसके द्वारा किया गया ऐसी चर्चाएं हो रही है। धीरे-धीरे करके परतें खुल रही है। जैसे-जैसे लोगों को इसके कारनामों की जानकारी लग रही तो वहां भी लोग अपनी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंच रहे हैं। कुछ दिन पहले ही आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा भी किसान के नाम पर फर्जी क्रेडिट कार्ड बनाकर गोलमाल किया है। उसकी जांच भी पुलिस कर रही है। वहीं अब लोगों को सावधानी के साथ बैंकों में लेनदेन करना होगा किसी को इस तरह से चेक खाली ना दें और ना ही दस्तावेज दे।

**इनका कहना है**

"एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी ने कई लोगों के साथ ठगी की है शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज किया है कुछ और आवेदन आए हैं सबकी जांच कर रहे है।"

-उमेश कुमार तिवारी
एसडीओपी

## कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रो का जायजा लिया

# बुनियादी सुविधाओं की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को नटेरन विकासखण्ड क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रो का भ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्रो पर शासन के दिशा निर्देशानुसार तमाम बुनियादी सुविधाओं की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश उपार्जन ऐजेन्सियो को दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय करने हेतु आए किसानो से संवाद कर उपार्जन सुविधाओं का जायजा लिया। गौरतलब हो कि जिले में 185 केन्द्रो पर उपार्जन कार्य संचालित किया जा रहा है। इन केन्द्रो पर पंजीकृत किसानो के द्वारा स्लॉट बुक कर विक्रय हेतु गेंहू लाया जा रहा है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर 2600 रूपए प्रति क्विंटल के मान से गेंहू खरीदी कार्य किया जा रहा है जिसमें 175 रूपए बोनस राशि भी सम्मिलित है।





कलेक्टर ने शुक्रवार को विदिशा तहसील के भूमिजा वेयर हाउस (हिनोतिया समिति), उदय वेयर हाउस, सूर्य वेयर हाउस (कागपुर समिति), नटेरन तहसील के सावरियां वेयर हाउस (विपणन सोसायटी), लज्जा वेयरहाउस (आमखेड़ा सूखा समिति) पर स्थापित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्र पर आवश्यक सुविधाओं, टैग, धागा, तौल कांटा किसानों की बैठने की उत्तम व्यवस्था का जायजा लिया। उदय वेयर हाउस पर पर्याप्त सफाई न होने पर सफाई करने के सख्त निर्देश दिए और ऑपरेटर सोसाइटी मैनेजर और सर्वेयर को औसत गुणवत्ता का गेहूं खरीदी करने के निर्देश दिए। लज्जा वेयरहाउस में उपस्थित किसानों से चर्चा करके खरीदी का फीडबैक लिया गया जिसमें किसान द्वारा बताया गया कि उपार्जन केंद्र पर गेहूं विक्रय करना उनको सरल और भरोसेमंद है और परिवहन का खर्चा भी कम लगता है उपार्जन केंद्र पर किसानों को सभी सुविधाएं मिल रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने खरीदी केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान समितियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केन्द्रो पर पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समितियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है कि नहीं की जानकारी भी प्राप्त की।

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान नटेरन तहसील क्षेत्र के लज्जा वेयर हाउस उपार्जन समिति में खरीदी कार्य के दौरान गढला ग्राम के कृषक श्री दिमान सिंह ने खरीदी कार्यो की प्रशंसा की है। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषक श्री दिमान सिंह से खरीदी कार्य में कहीं कोई दिक्कत परेशानी तो नहीं आई के संबंध में पूछताछ की तो कृषक द्वारा बताया गया कि बिना किसी परेशानी के अपना नम्बर आने पर अपनी उपज का विक्रय खरीदी केन्द्र पर किया जा रहा है कृषक ने खरीदी में 2600 रूपए प्रति क्विंटल के मान से गेंहू खरीदने जिसमें 175 रूपए बोनस राशि भी शामिल है के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया है। कलेक्टर ने नटेरन क्षेत्र के खरीदी केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण नागरिकों की समस्याएं भी सुनी है। कलेक्टर को ग्राम सेऊ की रहने वाली रीना कुशवाह ने राशन कार्ड बनाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर द्वारा नियमानुसार राशन कार्ड बनाए जाने का आश्वासन देते हुए जनपद सीईओ को निर्देश दिए साथ ही सेऊ ग्राम पंचायत में सचिव द्वारा पंचायत कार्यालय नहीं पहुचने सहित विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं की शिकायत की। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर ने एसडीएम और तहसील कार्यालय नटेरन का निरीक्षण किया

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज नटेरन क्षेत्र में खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण करने के पश्चात एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय नटेरन में संपादित किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय परिसर, व्हीसी रूम, न्यायालय तहसीलदार नटेरन के राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, राजस्व वसूली, फार्मर आईडी और सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ उन्होंने यहां नवीन निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अनुभाग नटेरन का भी निरीक्षण किया और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली उनके द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व वसूली के कार्यों को अगले 10 दिवस तक अभियान के रूप में क्रियान्वित करने और फार्मर आईडी शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। राजस्व प्रकरणों के संबंध में निर्देशित किया गया कि कोई भी प्रकरण 03 से 06 माह की अवधि में लंबित ना रहे का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने प्रवाचक तहसीलदार नटेरन को निर्देशित किया कि पूर्व के निराकृत प्रकरणो को शीघ्र ही जिला अभिलेखागार में जमा किये जाए। कोई भी प्रकरण ऑफलाईन दर्ज नहीं होना चाहिए। कानूनगो शाखा, नायब नाजिर शाखा में वर्तमान में



किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली गई। साथ ही वर्तमान में निर्वाचन से संबधित कार्यों की जानकारी ली गई और निर्देशित दिए हैं कि ईआरओ नेट पर जो भी फार्म 6, 7, 8 प्राप्त हो रहे हैं उन्हें प्रतिदिन निराकृत किया जाए एवं ईआरओ नेट पर डुप्लीकेट ईपिक को प्रतिदिन फार्म-8 जनरेट कर ई-रोल अपडेट किया जाए। कलेक्टर ने नटेरन तहसील व एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के समय यहां स्थापित लोकसेवा केन्द्र एवं आधार सेंटर का भी निरीक्षण किया और संचालक को निर्देशित किया गया कि आमजनों को आधार से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्यों में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर द्वारा आधार कार्ड से संबंधित कार्यों के लिए आधार सेंटर पहुंचे ग्रामीण नागरिकों से संवाद भी किया गया है।

# बालिका संप्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं का जायजा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिला मुख्यालय पर संचालित बालिका संप्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं का जायजा शुक्रवार को न्यायाधीशगणों ने भ्रमण कर लिया है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशनुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रमाकांत भारके, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेंद्र सिंह तौमर ने संयुक्त रूप से जायजा लिया है।

बालिका संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रामाकांत भारके ने बालिका संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था के रिकार्ड को दर्ज करने हेतु संधारित पंजीयों का निरीक्षण किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बालिका संप्रेक्षण गृह के अभिरक्षा में रह रहीं बालिकाओं से चर्चा कर वस्तुस्थिति का जायजा में सभी व्यवस्थायें संतोषजनक पाई गईं।

बालिका संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक श्रीमति कृतिका व्यास द्वारा व्यक्त किया गया कि. यंहा पर 05 संभाग- भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर की 18 वर्ष तक की विधि का उल्लघंन करने के लिये अभिकथित बालिकाओं को अभिरक्षा में रखा जाता है, यंहा 50 बालिकाओं को रखने की व्यवस्था है। बालिकाओं के संपूर्ण विकास के लिये उन्हें सप्रेक्षण गृह में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बालिकाओं को कान की वाली, पेपर बैग, पेंटिग आदि कार्य का प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे कि, बाद में वह अपना स्वयं का रोजगार कर सकें। संस्था 24 घंटे सी.सी.टी.व्ही. की निगरानी में रहती हैं। भ्रमण निरीक्षण के दौरान एलएडीसीएस श्री अनिमेष तिवारी भी मौजूद रहें।

## कस्बा ताल संकुल स्कूल की माझी ने संभाली जिम्मेदारी

**सिरोंज।** पिछले दिनों शिकायतों और जांच के बाद अनियमित के आरोप के चलते जगदीश साहू को जिला शिक्षा अधिकारी प्रभारी प्राचार्य पद से मुक्त कर दिया कस्बा ताल शंकर प्राचार्य की जिम्मेदारी लालचंद माझी को सोफी गई है शुक्रवार के इन्होंने संकल्प प्राचार्य जी के प्रभारी पद का दायित्व ग्रहण कर लिया इसके बाद। संकुल के अंतर्गत शालाओं के प्रभारियों इसे मुलाकात करके प्राचार्य का दायित्व मिलने पर बंधाई दी इस दौरान शिक्षक नरेंद्र सिंह सेंगर, धीरज सिंह रघुवंशी संतोष जैन, शकील अहमद गौरी , भगत सिंह रघुवंशी देशराज खान आदि मौजूद थे।

## बबुल खेड़ी में करंट लगाकर पशु की मृत्यु, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**सिरोंज।** मुगलसराय थाना अंतर्गत ग्राम बाबुल खेती में मवेशियों से फसल को बचाने के लिए गांव के नासिर खान खेत पर चारों तरफ तार फेंसिंग करके उसमें बिजली का करंट फैल दिया था जिसकी चपेट में आने से एक मवेशी की मृत्यु हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने नासिर खान पर मवेशी की हत्या करने और पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। इससे पहले मवेशी की मौत के बाद गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस घटना में शामिल आरोपी पर प्रखंड दर्ज करके उसको गिरफ्तार भी कर लिया है मुगलसराय थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबरा ने बताया कि करंट फैलाकर मवेशी की हत्या के मामले में बोल खेती की नासिर खान को गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह से फसलों बचाने के लिए कई लोगों के द्वारा करंट फैलने का काम किया जाता है जो पूरी तरह गलत है इसकी चपेट में आने से कई बार इंसान की मृत्यु भी हो हो चुकी है।

## एक करोड़ 34 लाख रुपए की प्रशासन ने की वसूली

**सिरोंज ।** इन दोनों एसडीएम हर्षल चौधरी के निर्देश पर तहसीलदारों पटवारियों के द्वारा व्यापक स्तर पर राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाकर बकाया शुल्क जमा करवाने का काम किया जा रहा है। बड़े बड़े बकायादारों पहले नोटिस दिए अब इनके व्यावसायिक ठिकानों पर पहुंचकर अधिकारी कर्मचारी प्रीमियम की राशि जमा करवा रहे हैं। तहसीलदार संजय चौरसिया ने बताया कि अब तक एक करोड़ 34 लख रुपए की वसूली हो चुकी है जो लक्ष्य से 53 प्रतिशत है 31 मार्च तक राजस्व विभाग को दो करोड़ 25 लाख की वसूली करना है। इसको पूर्ण करने के लिए अधिकारी भी धरातल पर पहुंच कर काम कर रहे हैं।

## मुफ्ती अय्यूब अली बने लटेरी के नायब काज़ी

**सिरोंज।** लटेरी निवासी मुफ्ती अय्यूब अली खा को सिरोंज लटेरी सब डिवीजन के काजी अब्दुल रशीद ने सिरोंज जामा मस्जिद इमाम नूर उद्दीन की सहमति से लटेरी तहसील का नायब काज़ी बनाया गया हे मुफ्ती अय्यूब अली खा का इस पद पर कार्यकाल दिनांक दिनांक 21 मार्च 2025 से 22 मार्च 2026 तक (1 साल) अवधि के लिए रहेगा। उम्मीद है मुफ्ती अय्यूब अली खा आप इस पद का विक़ार, एहतराम व इज़्ज़त बनाए रखते हुए क़ज़ियात द्वारा दी गई ज़िम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगें। इंशा अल्लाह आप अपनी पूरी मशक़्क़त व मज़बूती से इस काम मे चार चांद लगाऐंगे। कार्यकाल के दौरान पद का व्यक्तिगत एवं राजनैतिक उपयोग, अनुशासन हीनता एवं किसी भी तौर पर दफ़्तर क़ज़ियात को नुक़सान पहुंचाने की स्थिती में आपको तुरंत प्रभाव से मुक्त कर दिया जायेगा।



**मेट्रो एंकर** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला सम्पन्न

# 207 का हुआ चयन, 291 हितग्राहियों को 5.34 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

युवाओं को निजी कंपनियों के विभिन्न पदों पर चयन करने तथा शासकीय योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला सम्पन्न हुआ।

रोजगार मेले का शुभारंभ सिरोंज नगरपालिका अध्यक्ष श्री मनमोहन साहू, जनपद पंचायत, उपाध्यक्ष श्रीमती शशि राकेश शर्मा, श्री हमीर सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, श्री शिवकुमार भार्गव, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, श्री वलजीत यादव, पार्षद नगरपालिका, सिरोंज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सेक्टर की कुल 15 कंपनियों द्वारा पंजीकृत 426 आवेदकों में से 207 आवेदकों का प्रारंभिक तौर पर चयन



किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 291 हितग्राहियों को 5 करोड़ 34 लाख से अधिक के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किये गये।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री अशोक श्रीवास्तव द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के उद्देशों को रेखांकित करते हुये विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार अन्य विभागों द्वारा भी उनके द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी जैसे- प्रधापमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप स्कीम, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के साथ-साथ आईटीआई में एडमीशन के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विभाग द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आईटीआई प्राचार्य श्री एपु श्रीवास्तव, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिरोंज प्राचार्य श्री विनय शंकर तिवारी, प्राचार्य एलबीएस कॉलेज सिरोंज श्री एलसी

राजपूत, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अंकित कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक श्रीमती जयंती कुमारी, अनुरूप चतुर्वेदी, श्री नन्नू लाल साहू, रोजगार कार्यालय, विदिशा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गावडे, जिला समन्वयक, सेडमैप द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री अनूप दुबे प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा द्वारा किया गया।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप : अप्रैल में होने वाली बैठक में होगा विचार-विमर्श


# ऊंची रैंकिंग वाली टीम पर जीत दर्ज करने पर मिलेंगे बोनस अंक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) को और रोचक बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत बोनस अंक व्यवस्था शुरू की जा सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आइसीसी की अप्रैल में होने वाली बोर्ड की बैठक में बोनस अंक व्यवस्था पर सदस्य क्रिकेट बोर्डों के साथ बोनस अंक व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, अगले चक्र में ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज करने पर अधिक अंक मिल सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2025-27 चक्र का आगाज भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से होगा।

**रोमांचक होगी चैंपियनशिप:** अगर बोनस अंक की शुरुआत हो जाती है तो चैंपियनशिप में फाइनल की होड़ रोमांचक हो जाएगी। अब तक सिर्फ भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड का ही दबदबा रहा है, लेकिन अब छोटी टीमों को भी उलटफेर कर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**ऑस्ट्रेलिया-द.अफ्रीका के बीच होगा फाइनल:** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 चक्र का फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम इस चक्र में तीसरे स्थान पर रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी बार यह खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। गौरतलब है कि भारत लगातार दो बार फाइनल में पहुंचा था, लेकिन पहली बार उसे न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार झेलकर खिताब से वंचित होना पड़ा था।



### अच्छी पहल, परिणाम के लिए खेलेंगी टीमें

आइसीसी के सूत्रों के अनुसार, डब्ल्यूटीसी शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मसलों पर लगातार बात हो रही है। कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना प्रतिफल नहीं मिल रहा है। वहीं भारत के एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी पहल होगी। टीमों को नतीजे के लिए खेलने की प्रेरणा मिलेगी और हमें रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।

### प्रतिद्वंद्वी के घर में जीतने पर भी बोनस अंक

आइसीसी प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर अतिरिक्त अंक देने की सोच रही है। आइसीसी सूत्र ने कहा, यह प्रेरक होगा। जैसे पिछले साल न्यूजीलैंड ने भारत में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। ऐसा कम ही होता है कि भारत को कोई टीम उसके घर में हरा दे लिहाजा प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में उसे हराने पर भी अतिरिक्त अंक दिए जाने चाहिए। इससे छोटी टीमों को हौसला मिलेगा।

# पहले मैच में हार्दिक नहीं सूर्यकुमार यादव होंगे मुंबई इंडियंस के कप्तान





**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई. इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल 2025) में मुंबई इंडियंस की टीम 23 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। हालांकि इस मैच में टीम की कमान हार्दिक पांड्या नहीं बल्कि सूर्यकुमार यादव संभालेंगे। हार्दिक पर पिछले आइपीएल के अंतिम मैच में धीमी ओवर रेट के कारण एक मैच का प्रतिबंध लगा था। इसलिए अब सूर्यकुमार इस सीजन के पहले मैच में कप्तानी करेंगे। इस बारे में हार्दिक ने बुधवार को कहा, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है। पिछले साल आखिरी मुकाबले में हमने अंतिम ओवर 1.5 या दो मिनट देरी से किया था। हमें प्रति या के अनुसार ही चलना होगा। सूर्या भारत के टी-20 कप्तान हैं और जब मैं नहीं हूं तो वह आदर्श विकल्प हैं।

**खलेगी बुमराह की कमी:** इस दौरान मुंबई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि टीम को स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। बुमराह पीठ की चोट से उबर रहे हैं। जयवर्धने ने कहा, बुमराह अभी बेंगलुरु में बीसीसीआइ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं। वे ठीक हो रहे हैं। उम्मीद है कि वे जल्द ही टीम से जुड़ जाएंगे। महेला ने कहा, पिछले सीजन हमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। हम नई शुरुआत करेंगे।

**केकेआर-लखनऊ मैच की तारीख में हो सकता है बदलाव:** ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइटराइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच मुकाबला छह अप्रैल को प्रस्तावित है। लेकिन अब इस मैच की तारीख में बदलाव किया जा सकता है। दरअसल कोलकाता पुलिस ने इस मैच में सुरक्षा देने से इनकार कर दिया है। छह अप्रैल को देशभर में रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। पुलिस ने उस दिन शहर में होने वाले आयोजनों के कारण मैच में सुरक्षा देने से इनकार कर दिया है।

**ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल और दिशा पटानी करेंगी परफॉर्म :** कोलकाता के ईडन गार्डंस में मेजबान कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच 22 मार्च को होने वाले मुकाबले के साथ ही आइपीएल 2025 का आगाज हो जाएगा। आइपीएल के 18वें सीजन की ओपनिंग सेरेमनी भी खास होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और अभिनेत्री दिशा पटानी परफॉर्म करेंगी। इन दोनों के अलावा गायक और रैपर करण औजला भी प्रस्तुति देंगे। यह सेरेमनी 35 मिनट तक चलेगी। वहीं रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस सीजन बीसीसीआइ योजना बना रहा है कि हर टीम के पहले घरेलू मैच से पूर्व सभी आयोजन स्थलों पर एक विशेष समारोह आयोजित किया जाए।

### त्रिशा और गायत्री की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची

# स्विस ओपन बैडमिंटन: पहले दौर में 32 मिनट में 21-16, 21-17 से जीतीं

**बासेल (स्विट्जरलैंड). एजेंसी**

भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के अंतिम-16 में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड्स की केली वैन ब्यूटेन को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमिली लेहमैन से होगा।



# फिर उठी महिला शतरंज खिताबों को खत्म करने की मांग

### हंगरी की दिग्गज खिलाड़ी जुडिथ पोल्गर पहले भी उठा चुकी हैं आवाज

**नईदिल्ली, एजेंसी**


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की कमी के कारण एक बार फिर महिला शतरंज खिताबों को खत्म करने की मांग उठ रही है। हंगरी की दिग्गज शतरंज खिलाड़ी जुडिथ पोल्गर ने यह मांग की है, जिसका समर्थन भारत की आर वैशाली ने किया है। उनका कहना है कि महिला शतरंज लगभग 15 साल पीछे चल रहा है। पहले 15 से 17 वर्ष की उम्र में 2500 की रेटिंग वाली खिलाड़ी मिल जाती थीं, लेकिन आज 17 से 18 वर्ष में 2400 की रेटिंग वाली दो खिलाड़ी हैं। सुतोवस्की ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में शीर्ष पर मौजूद महिला शतरंज खिलाड़ियों की रेटिंग में काफी गिरावट आई है, इसलिए उन्हें महिलाओं की इवेंट की जरूरत है, जिसमें खेल कर वह अपने खेल में सुधार कर



सकें। महिला शतरंज में पुरस्कार राशि बढ़ाए जाने के बावजूद महिला शतरंज पुरुषों की तुलना में पीछे चल रहा है। ओपन वर्ग में महिला ग्रैंडमास्टर पुरुषों के विरुद्ध खेलकर अपनी रेटिंग सुधार सकती है। लेकिन ग्रैंडमास्टर नॉर्म तक पहुंचने के लिए महिला टूर्नामेंट बेहद जरूरी हैं। **ऐसे तो खत्म हो जाएगा महिला शतरंज:** ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी। जुडिथ पोल्गर पुरुषों के साथ खेलती थीं। लेकिन उनकी बहन सुसान ने महिलाओं के साथ खेलना नहीं छोड़ा। वैशाली को जितने भी पुरस्कार मिले हैं, उनमें महिला शतरंज के खिताबों का योगदान है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# आमिर के साथ फिल्म बनाना चाहते हैं मंसूर, साझा किए 'कयामत से कयामत तक' के किस्से



आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' को 'रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल' के पहले दिन प्रदर्शित किया गया। इस दौरान फिल्म के निर्देशक मंसूर खान और अभिनेता ने एक बार फिर एक साथ फिल्म करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने अपनी इस फिल्म से जुड़े कई रोमांचक किस्से और शूटिंग के दौरान आने वाले उतार-चढ़ाव के बारे में भी साझा किया। आइए जानते हैं फिल्म के अंत को लेकर निर्देशक को क्यों कशमकश का सामना करना पड़ा। 'कयामत से कयामत तक' से आमिर खान ने लीड हीरो के तौर पर डेब्यू किया था। मंसूर खान द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक-ड्रामा में जूही चावला भी थीं। यह फिल्म साल 1988 की एक बड़ी हिट फिल्म बन गई। आमिर ने बातचीत के दौरान कहा, नासिर (हुसैन) साहब, नुजहत (हुसैन की बेटी) और मैं पटकथा लिख रहे थे और मंसूर 'जो जीता वही सिकंदर' लिख रहे थे। नासिर साहब बीमार पड़ गए और उन्हें बाईपास ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। उन्होंने मंसूर से कहा कि उनकी स्क्रिप्ट तैयार है और अगर उन्हें यह पसंद आए तो वे इसे निर्देशित कर सकते हैं। मंसूर को यह पसंद आया, लेकिन जब वह इसमें शामिल हुए तो उन्होंने पहले लिखी गई बातों में से लगभग 80 प्रतिशत को बदल दिया। नुजहत और मेरे लिए यह राहत की बात थी, क्योंकि हमें नासिर साहब से लड़ना मुश्किल लगता था। उनकी सोच हमारी सोच से अलग थी। इसलिए, हम इसका आनंद ले रहे थे, क्योंकि स्क्रिप्ट उसी तरह आगे बढ़ रही थी जैसा हम चाहते थे। मंसूर ने कहा कि उन्हें यह फिल्म पूरी तरह से अपनी प्रतिभा के आधार पर बनाने का मौका मिला, ना कि इसलिए कि उनके पिता एक फिल्म निर्माता थे।

# तीनों फिल्म की कमाई में अंतर देखने को मिल रहा

इन दिनों सिनेमाघरों में विक्की कौशल की छावा और जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। इसके साथ ही बीते दिन नई फिल्म रिलीज हुई तुमको मेरी कसम। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन ही प्रदर्शन बेहद खराब रहा। तीनों फिल्म की कमाई में काफी अंतर देखने को मिला। एक ओर जहां छावा को एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है और अब भी यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है तो वहीं जॉन की द डिप्लोमैट का हाल हफ्ते भर में ही खराब हो गया है। तुमको मेरी कसम पहले दिन ही बेदम हो गई। चलिए जानते हैं कि शुक्रवार को इन फिल्मों ने कैसा प्रदर्शन किया है। तुमको मेरी कसम 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह, अदा शर्मा, एशा देओल, मेहरान माजदा, सुशांत सिंह और दुर्गेश कुमार जैसे कई कलाकार हैं, लेकिन इसके बावजूद दर्शकों पर फिल्म का जादू नहीं चला। पहले दिन ही फिल्म की कमाई लाखों रुपये में सिमट गई। फिल्म ने शुक्रवार को महज 15 लाख रुपये का कलेक्शन किया। जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट होली के अवसर पर रिलीज हुई थी, लेकिन अभिनेता के लिए इस बार की होली फीकी रही, क्योंकि फिल्म उम्मीद के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। फिल्म में जॉन अब्राहम की अदाकारी को तो समीक्षकों द्वारा सराहा गया, लेकिन अब इसे कमाई के मामले में संघर्ष करना पड़ रहा है। आठवें दिन फिल्म ने 1.25 करोड़ की कमाई की। वहीं अब फिल्म का कुल कलेक्शन 20.40 करोड़ रुपये हो चुका है। इसका बजट 20 करोड़ है और बीते दिन बजट निकाल लिया।

# राशा थडानी ने तमन्ना-विजय को बताया अपना गॉडपेरेंट, कहा- मुझे नहीं पता कि मैं उनके बिना



पिछले कुछ दिनों से तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अपने ब्रेकअप की खबरों से सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच अभिनेत्री राशा थडानी ने इन दोनों से अपने खास कनेक्शन के बारे में साझा किया। अभिनेत्री ने दोनों को अपना 'गॉडपेरेंट्स' बताया। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हाल ही में 'आजाद' फिल्म से डेब्यू किया है। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी बॉलीवुड में कदम रखा है। फिल्मफेयर से बातचीत के दौरान जब राशा से तमन्ना के साथ उनके स्पेशल बॉन्ड के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने बताया कि वो कैसे मिले? अभिनेत्री ने कहा, यह बहुत ही मजेदार कहानी है। हम किसी के जन्मदिन पर थे और वहां एक लाइव सिंगर परफॉर्म कर रहा था। मैं स्टेज के पास उसके गानों पर डांस कर रही थी और वह भी। हमने एक-दूसरे को देखा साथ में डांस करना शुरू कर दिया और बस इतना ही काफी था। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि वह तमन्ना के साथ इतनी घुलमिल गई है कि उन्हें लगता है कि वह और विजय उनके सबसे करीबी हैं। उन्होंने कहा, हम इतनी जल्दी घुलमिल गए और मुझे नहीं पता कि मैं उनके बिना क्या करूंगी। इस समय तमन्ना और विजय मेरे सबसे करीब हैं, वो मेरे गॉडपेरेंट्स की तरह हैं। राशा थडानी के 20वें जन्मदिन की पार्टी में भी तमन्ना भाटिया ने शिरकत की उन्होंने निर्माता प्रज्ञा कपूर की होली पार्टी में भी राशा के साथ समय बिताया। राशा थडानी की पहली फिल्म 'आजाद' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और 14 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। तमन्ना भाटिया को आखिरी बार तमिल फिल्म 'अरनमनई 4' में देखा गया था और वह जल्द ही तेलुगु फिल्म 'ओडेला 2' में नजर आएंगी। विजय को आखिरी बार 'मर्डर मुबारक' और 'आईसी 814. द कंधार हाईजैक' में देखा गया था। वह जल्द ही 'उल जलूल इश्क' में नजर आएंगे।



**मेट्रो बाजार**

# जॉब कट: कॉस्ट कटिंग के लिए कंपनियां तेजी से कर रहीं छंटनी

### दुनियाभर की टेक कंपनियों में इस साल अब तक 40,000 कर्मचारियों की छंटनी

**मुंबई, एजेंसी**

दुनियाभर की टेक कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इन कंपनियों ने साल 2025 में अब तक 23,154 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इसकी प्रमुख वजह कंपनियों की कमाई घटना, लागत में बड़े स्तर पर कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाना है। अमेजन ने 14,000 मैनेजरों को निकालने की घोषणा की है। मॉर्गन स्टेनली इस माह के अंत में 2,000 कर्मियों को निकालने की तैयारी में है।



**एआइ ने बढ़ाया दबाव:** अमेजन, मॉर्गन स्टेनली को जोड़ दें तो इस साल टेक कंपनियों में छंटनी 40,000 की संख्या को पार कर जाएगी। छंटनी पर नजर रखने वाली कंपनी लेऑफ्स डॉट एफवाइआइ के मुताबिक, मेटा ने इस साल अब तक सबसे ज्यादा 3,600 लोगों को नौकरी से निकाला है। एआइ अपनाने के कारण कर्मचारियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव बढ़ा है।

# साइबर ठगी रोकने की कवायद: विदेशी नेटवर्क से भेजी जाने वाली कॉल सस्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में भारतीय नंबरों से आने वाली स्पैम कॉल्स पर की जा रही सख्ती के बीच जालसाज दूसरे देशों से कॉल कर भारतीयों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। टेलीकॉम कंपनियों का कहना है कि इसका एक कारण यह है कि विदेशी टेलीकॉम नेटवर्क के जरिए भारत में भेजी जाने वाली कॉल बेहद सस्ती है। कंपनियों ने सरकार से इंटरनेशनल टर्मिनेशन चार्ज (आइटीसी) बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। टेलीकॉम कंपनियों का कहना है कि भारत में कम आइटीसी दरों की वजह से ठग आसानी से विदेश से कॉल कर भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। इससे विदेश से संचालित साइबर



ठगी और फिशिंग हमलों में तेजी आई है।

**क्या है इंटरनेशनल टर्मिनेशन चार्ज :** जब कोई विदेशी कंपनी भारत में कॉल भेजती है, तो उसे स्थानीय टेलीकॉम कंपनियों को चार्ज देना पड़ता है। भारत में आइटीसी काफी कम है। यह अधिकतम 65 पैसे प्रति मिनट ही है, जबकि अन्य देशों में यह कहीं ज्यादा है।

**राजस्व भी बढ़ेगा:** रिलायंस जियो, एयरटेल, व वोडाफोन आइडिया ने कहा, कॉल महंगा होने से विदेशी नेटवर्क्स के जरिए भारत में फ्रॉड व स्पैम कॉल्स पर रोक लगेगी। साथ ही इससे सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

## नशे के लिए वाहन चुराने वाले चार गिरफ्तार

भोपाल। निशातपुरा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की एक कार 5 बाइक, 2 स्कूटी बरामद की है। आरोपी चोरी के वाहनों को बेचकर आपस में पैसा बांट लेते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के खर्च के लिए वाहनों की चोरी करते हैं। ढाई माह में उन्होंने यह वाहन चोरी किए हैं। कार समेत 8 चोरी की गाड़ियां बरामद पुलिस के अनुसार सूचना मिली थार संदिग्ध युवक एक सफेद रंग की कार से पहुंचे है और नवीबाग रोड पर चाय पी रहे हैं। वे आपस में बात कर रहे हैं और बातों से लग रहा है कि कार चोरी की है। उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ा। कार के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने एक महीने पहले कार को पन्ना नगर मैदान करोंद से चोरी किया है। उनसे सख्ती से पूछताछ करने पर 7 अन्य दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकारा। आरोपियों की पहचान नीफ कॉलोनी करोंद निवासी 25 वर्षीय मुश्ताक, फिजा कालोनी करोंद निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद शाहरूख, भानपुर रोड निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद यासिन, जहांगीराबाद निवासी फैजान उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। सभी आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड है। जो साथ में मिलकर चोरी कि वारदातो को अंजाम देते हैं। वाहनों को बेचकर अपना अपना हिस्सा का बंटवारा करते हैं।



## दोस्त की मौत से दुखी होकर पीया जहर, मौत

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में रहने वाले एक युवक ने जहर पदार्थ पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक के दोस्त ने बीस दिन पहले आत्महत्या की थी। उसके बाद से ही तनाव में रहने लगा था। पुलिस के मुताबिक, शिव नगर निवासी 21 वर्षीय चैन सिंह पिता अशोक सिंह हमलावी का काम करता था। गुरुवार रात उसने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार अनिल मालवीय ने बताया कि 20 दिन पहले उसके एक दोस्त ने भी सुसाइड किया था, जिसके बाद से चैन सिंह मानसिक रूप से परेशान था। वह डिप्रेशन में चला गया था। हालांकि, उसने कभी भी इस बारे में परिवार को नहीं बताया था। चैन सिंह ने चार साल पहले नंदनी रावत से प्रेम विवाह किया था। दोनों की तीन साल की बेटी है।



## वाजपेयी नगर मल्टी में युवक से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

भोपाल। शाहजहानाबाद पुलिस ने वाजपेयी नगर मल्टी से एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कारवाई करते हुए पुलिस पिस्टल और कारतूस के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक वाजपेयी नगर मल्टी में घूम रहा है उसके पास पिस्टल है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसकी तलाशी लेने पर एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी की पहचान आकाश नीलकंठ पिता कमल नीलकंठ (30) वाजपेयी नगर मल्टी के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश नीलकंठ निगरानी बदमाश है और उसके खिलाफ करीब एक दर्जन से अधिक अपराध पूर्व में दर्ज है।




### लांबाखेड़ा ब्रिज पर हुआ हादसा, कार जब्त आरोपी की तलाश जारी

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन गंभीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा ब्रिज पर तेज रफ्तार कार ने दो बाइक पर सवार चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल बाइक सवारों को हमीदिया और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी का इलाज चल रहा है।**



हादसे में दो अन्य घायलों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार जब्त कर ली। घटना के बाद कार का चालक कार छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार गणेश साहू पिता राम प्रसाद साहू शिव नगर करोंद में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। गुरुवार शाम वे अपनी 29 साल की बेटी ज्योति साहू को बाइक से लेकर अपने घर निशातपुरा लौट रहे थे। लांबाखेड़ा ब्रिज पर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उनकी बाइक को टक्कर मारने के बाद कार के चालक ने एक अन्य बाइक को भी टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घयल गणेश साहू और उनकी बेटी ज्योति साहू समेत अन्य घायलों को निजी अस्पताल और हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान गणेश साहू की मौत हो गई।

## चलती ट्रेन से गिरे यात्री की मौत, सुखी सेवनिया कल्याणपुर ब्रिज के नीचे हुआ हादसा

भोपाल। सुखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के नीचे युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह चलती ट्रेन से गिरा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1:00 बजे सूचना मिली थी कि कल्याणपुर रेलवे ट्रैक पर ब्रिज के नीचे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से आधार कार्ड मिला था। आधार कार्ड से मृतक की पहचान धर्मेंद्र पटेल पिता गोविंद पटेल (30) सागर के रूप में की गई। पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र सिद्ध नगर अयोध्या नगर में रहता था और पिता के साथ मजदूरी करता था। शुक्रवार दोपहर सागर जाने के लिए निकला था। अनुमान है कि वह चलती ट्रेन से गिरा है ।

## आग से झुलसी प्रधान आरक्षक की बेटी की मौत

भोपाल। हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इसरानी मार्केट में आग से झुलसी प्रधान आरक्षक की बेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक 24 साल की पूनम सूर्यवंशी इसरानी मार्केट स्थित पुलिस लाइन में परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता कुंजबिहारी सूर्यवंशी भोपाल पुलिस में प्रधान आरक्षक हैं। पूनम शहर के एक प्राइवेट बैंक में नौकरी करती है। 16 मार्च को सुबह उसके कमरे में जल रही मच्छर मारने वाली क्वाइल पास में बोतल में रखे तारपीन के संपर्क में आ गई थी, जिससे एकाएक आग भभक गई थी। पास में ही पूनम सो रही थी, जिसे पूनम आग की चपेट में आ गई। आग से जलते हुए पूनम चीखी तो उसका भाई और मां कमरे में पहुंचे और उन्होंने पानी डालकर आग बुझाई। साथ ही उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती करवाया। शुक्रवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पुरानी रंजिश को लेकर स्कूली छात्रा पर प्राणघातक हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**हबीबगंज इलाके में गुरुवार की शाम तीन लड़कों ने स्कूल छात्र पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के दोस्त की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।**




प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उनके बीच कोई पुरानी रंजिश चल रही थी। जानकारी के अनुसार भीमनगर में रहने वाला विनय चतुर्वेदी (18) पांच नंबर स्टाप स्थित एक स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे वह स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकला था। बाहर निकलने के बाद पांच नंबर स्टाप के पास रहने वाले दोस्त सागर के साथ जा रहा था। इसी दौरान छोटा, अन्ना और वरुण नामक तीन लड़के उसके पास पहुंचे और दो साल पहले हुए विवाद को लेकर सॉरी बोलने का कहने लगे। विनय ने बोला कि वह पहले भी सॉरी बोल चुका है और अब कोई विवाद नहीं चाहता है। इस पर तीनों लड़के उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विनय ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके पेट में चाकू मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद तीनों लड़के मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल विनय को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोस्त सागर की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

## शोरूम के सामने खड़ी बाइक चोरी

भोपाल। ऐशबाग थानांतर्गत प्रभात चौराहा स्थित वरेण्यम शोरूम के सामने खड़ी मोहम्मद वसीम की बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार अस्सी फीट रोड अशोका गार्डन से मुजीब खान की बाइक चोरी चली गई। इधर कोतवाली स्थित नदीम प्रेस रोड से मोहम्मद जाहिद और मंगलवारा स्थित सेंट्रल लायब्रेरी रोड पर खड़ी इस्माइल खां की स्कूटर चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# रेवांचल एक्सप्रेस में युवक का मोबाइल फोन चोरी



भोपाल, दोपहर मेट्रो

रेवांचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे एक युवक की जेब से 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी सचिन लोधी विदिशा जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचा था। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर रेवांचल एक्सप्रेस पहुंची तो वह ट्रेन के जनरल कोच में सवार हो गया। थोड़ी देर बाद पता चला कि उसकी पैंट की जेब में रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया है। चोरी गए मोबाइल की कीमत बीस हजार रुपए बताई गई है। ट्रेन से उतरने के बाद उसने जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर छतरपुर निवासी सोहनलाल कुशवाहा करीला मेला देखने गया था। घर जाने के लिए वह बीना रेलवे स्टेशन पहुंचा, लेकिन उस वक्त कोई ट्रेन नहीं थी। इस पर वह प्लेटफार्म क्रमांक चार पर भोपाल छोर की तरफ जाकर सो गया। कुछ समय बाद नींद खुली तो पैंट की जेब में रखा ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन और पर्स गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत साढ़े दस हजार रुपए बताई गई है। पर्स में नकद रुपयों के अलावा जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। जीआरपी ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मेट्रो एंकर | रास्ते से गुजर रहा परिवार बच्चे को उठाकर ले गया अस्पताल

# झाड़ियों में नवजात बच्चे को छोड़कर गई मां

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा दुर्गा मंदिर के पास मुख्य सड़क से पचास मीटर अंदर झाड़ियों में अज्ञात मां एक दिन के नवजात बच्चे को छोड़कर चली गई। वहां से गुजर रहे परिवार को बच्चे की रोने की आवाज और वह झाड़ियों में पहुंचे थे। वहां उन्हें बच्चा रोते हुए नजर आया। वे बच्चे को उठाकर अस्पताल ले गए और हनुमानगंज पुलिस से संपर्क किया। हनुमानगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर केस डायरी ईंटखेड़ी पुलिस को सौंप दी है। ईंटखेड़ी पुलिस अज्ञात मां पर पैदाइश छिपाने की गरज से बच्चे को छोड़कर जाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। एसआई रिंकू जाटव ने बताया कि समीर मंसूरी, कबाड़खाना, हनुमानगंज में रहते हैं। गुरुवार शाम वह ईंटखेड़ी स्थित लीलावती अस्पताल जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और बच्चा था। शाम करीब सवा 7 बजे लांबाखेड़ा में दुर्गा मंदिर के पास पहुंचते ही मुख्य सड़क से उन्हें बच्चे के रोने की आवाज आई। वे आवाज सुनकर सड़क से पचास मीटर अंदर झाड़ियों की तरफ पहुंचे तो उन्हें एक बच्चा रोता बिलखता हुआ नजर आया। वे बच्चे को उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचे। इसकेबाद अपने घर पहुंचे और हनुमानगंज पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज केस डायरी ईंटखेड़ी पुलिस को सौंप दी थी। पुलिस ने मंदिर और आसपास सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।



फाइल फोटो

## बीएसएनएल कार्यालय से 50 हजार की मशीन चोरी

भोपाल। बैरसिया स्थित बीएसएनएल कार्यालय से एक मशीन चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक टिकनखेड़ी रोड पर बीएसएनएल का कार्यालय है। पिछले महीने फरवरी में यहां रखी एक मशीन गायब हो गई। करीब सवा महीने तक तलाश करने के बाद भी जब मशीन का कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मंजीत सिंह जाट की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। चोरी गई मशीन की कीमत पचास हजार रुपए बताई गई है। इधर कोहेफिजा थानांतर्गत इंदविहार कालोनी में रहने वाले उत्सव राव के खुले कमरे से चोर एक लैपटाप और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।

# कुएं में कूदकर महिला ने की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव उमरिया में एक महिला ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**



पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि बबली जाट पति राकेश जाट (32) गांव उमरिया, तहसील बैरसिया में रहती थी। उसकी शादी करीब 11 साल पहले राकेश जाट से हुई थी। राकेश खेती किसानी करता है। बबली और राकेश के दो बच्चे हैं। राकेश ने बताया कि गुरुवार देर रात बबली घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। तलाश करते करते सुबह हो गई। उसका कुछ पता नहीं चलने के कारण अनहोनी की आशंका होने लगी। शुक्रवार सुबह परिवार ने घर से करीब तीन सौ मीटर दूर कुएं में देखा तो बबली की लाश नजर आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि शोकाकुल परिजन के अभी बयान नहीं हो सके हैं। बयान के बाद ही आत्महत्या की वजह का पता चल सकेगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022